6:52 31 Vo)) LTE1 .ıl Vo)) LTE2 .ıl 17%



**विनिमय दरें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूरो | 89.72 | अमरीका | 83.52 |
| पाऊंड | 106.15 | आस्ट्रेलिया | 55.04 |
| | | कनाडा | 60.61 |

# के.आर. मंगलम में जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन छात्रों का विदाई समारोह



**सवेरा न्यूज/कास.**

नई दिल्ली, 10 जून : के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन (एसजेएमसी) ने 17 मई को अपने अंतिम वर्ष के बैचलर और मास्टर छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। ये आयोजन विश्वविद्यालय के सी-ब्लॉक के स्पोर्ट्स रूम में हुआ। खूबसूरत साड़ी और बेहतरीन कुर्ते पायजामा पहन कर आए सीनियर छात्र ढोल-ताशे के साथ नाचते हुए समारोह में पहुंचे। जूनियर छात्र तनिष्का और वंशिका ने गर्मजोशी से सबका स्वागत किया। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने पंजाबी और हरियाणवी गानों पर डांस कर समा बांध दिया। सीनियर छात्रों ने भी अपने जूनियर्स के साथ खूब ठुमके लगाए। इसके बाद जूनियर लड़कों ने दुपट्टा ओढ़ कर जो डांस परफॉरमेंस दी, उसने सबका दिल जीत लिया। सीनियर छात्रों ने रैंप वॉक के बाद अपने कॉलेज के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए, जिसने सभी को भावुक कर दिया। बीए(जेएमसी) के अंतिम वर्ष की कनिष्का और अमन तथा एमए(जेएमसी) की अंतिम वर्ष की महिमा और रीतोम को विभाग के मिस और मिस्टर फेयरवैल का ताज पहनाया गया। इसके साथ ही सभी सीनियर छात्रों को उनके जूनियर्स की तरफ से एक प्यारा सा गिफ्ट भी दिया गया।

## पाक के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाई

**सवेरा न्यूज/एजैंसी** इस्लामाबाद, 10 जून : पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति में सुधार के बीच नीतिगत ब्याज दर में 1.5 प्रतिशत की कटौती कर इसे 20.5 प्रतिशत कर दिया। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने कहा कि उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में मौजूदा आर्थिक वृद्धि की समीक्षा की गई। इस दौरान यह बात उभरकर आई कि मई में मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक गिरावट आई है।